शनिवार
28 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 54 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह झूठी, सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं: हरदीप सिंह पुरी



नई दिल्ली (अपना नालंदा)। भारत में संभावित लॉकडाउन को लेकर फैल रही अफवाहों को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि देश में लॉकडाउन लगाने को लेकर सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और इस तरह की खबरें पूरी तरह निराधार हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों में लगातार बदलाव हो रहे हैं, लेकिन भारत सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता से जुड़े सभी घटनाक्रमों की वास्तविक समय में निगरानी की जा रही है, ताकि देश के नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि देश में ईंधन, ऊर्जा और अन्य आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे। साथ ही उत्पाद शुल्क नियमों में कुछ बदलाव कर नागरिकों को बढ़ती ईंधन लागत के प्रभाव से राहत देने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश ने हमेशा मजबूती और लचीलापन दिखाया है। सरकार समयबद्ध, सक्रिय और समन्वित तरीके से स्थिति पर काम कर रही है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे समय में सभी नागरिकों को शांत, जिम्मेदार और एकजुट रहना चाहिए। अफवाहें फैलाना न केवल गैरजिम्मेदाराना है, बल्कि इससे अनावश्यक भय और भ्रम का माहौल भी बनता है। इसलिए लोगों को केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा बिहारशरीफ, निकली भव्य रामनवमी शोभा यात्रा




रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रामनवमी के पावन अवसर पर बिहारशरीफ शहर में भव्य और आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे शहर को राममय बना दिया। नगर विधायक डॉ. सुनील के नेतृत्व में आयोजित इस शोभा यात्रा में रामभक्तों का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी।

शोभा यात्रा सद्भावना मार्ग से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा समाधि स्थल तक पहुंची। यहां विधि-विधान के साथ बाबा मणिराम को लंगोट अर्पित कर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे वातावरण में धार्मिक उल्लास देखने को मिला।

यात्रा के दौरान "जय श्री राम" और "जय हनुमान" के गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर झूमते-नाचते भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे। जगह-जगह लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद व जलपान भी कराया।

नगर विधायक डॉ. सुनील ने कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

रामनवमी के इस भव्य आयोजन ने बिहारशरीफ में धार्मिक उत्साह और सामाजिक सौहार्द की एक नई मिसाल पेश की।

## नालंदा विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय 31 मार्च 2026 को राजगीर स्थित अपने स्थायी परिसर में द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। इस गरिमामय समारोह में भारत की राष्ट्रपति और विश्वविद्यालय की विजिटर श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के रूप में यह उनका राजगीर और नालंदा विश्वविद्यालय का पहला दौरा होगा।

यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि नव निर्मित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला यह पहला दीक्षांत समारोह होगा। इस परिसर का उद्घाटन जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद यह दूसरा दीक्षांत समारोह है। इससे पहले पहला समारोह वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था।समारोह में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा विदेश मंत्रालय में सचिव (ईस्ट) पेरियासामी कुमारन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करेंगी तथा मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगी। साथ ही वे विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 2000 सीटों वाले सभागार "विश्वमित्रालय" का उद्घाटन भी करेंगी।

इस दीक्षांत समारोह में पोस्ट ग्रेजुएट और डॉक्टरेट कार्यक्रम के विद्यार्थी अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे। इन विद्यार्थियों में अर्जेंटीना, वियतनाम, भूटान, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, म्यांमार, सर्बिया, घाना, थाईलैंड, नेपाल, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे जैसे देशों के छात्र शामिल हैं। समारोह में 10 पीएचडी और 36 स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।


इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एल्युमिनाई पत्रिका "मंजिरी" का विमोचन भी किया जाएगा। इसके साथ ही दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र का औपचारिक शुभारंभ भी किया जाएगा, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में की थी।

## जनगणना 2027 की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनरों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित ग्रामीण विकास अभिकरण के कार्यालय भवन में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रथम चरण के कार्यों के लिए जिले के विभिन्न चार्जों के फील्ड ट्रेनरों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला जनगणना पदाधिकारी नवल किशोर रजक की देखरेख में हुआ।प्रशिक्षण के दौरान जिले के मास्टर ट्रेनरों की टीम ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल प्रणाली और आंकड़ा संग्रहण के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये सभी फील्ड ट्रेनर अपने-अपने चार्ज क्षेत्रों में पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद प्रगणक 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण और परिवारों से संबंधित आंकड़े एकत्रित करेंगे।प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय बिहार के नोडल अधिकारी सह राज्य स्तरीय प्रशिक्षक नवीन कुमार ने बताया कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। प्रगणक एचएलओ ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर अधिसूचित प्रश्नों से संबंधित जानकारी दर्ज करेंगे। इसमें मकान की संरचना, उपयोग की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम व लिंग, प्रकाश का स्रोत, ईंधन, शौचालय, पेयजल, जल निकासी की व्यवस्था सहित परिवार के पास उपलब्ध साइकिल, मोटरसाइकिल, कार, टीवी, कंप्यूटर और मोबाइल जैसी जानकारियां दर्ज की जाएंगी।उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार स्व-गणना की सुविधा भी दी गई है। नागरिक 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय बिहार के सहायक निदेशक अशोक चौधरी भी उपस्थित रहे।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# हरनौत में छात्रा की संदिग्ध गोली से मौत, जांच में जुटी पुलिस



हरिओम कुमार


हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार से दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित एक किराये के मकान में सुबह करीब दस बजे हुई। मृत छात्रा की पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी वशिष्ट नारायण की 16 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है।

मृतका के दादा जनार्दन प्रसाद ने बताया कि करीब दो वर्षों से उनकी बहू, दो पोतियां और एक पोता हरनौत में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को उनकी बहू और एक पोती पोते के इलाज के सिलसिले में अहमदाबाद चली गई थीं, जिसके बाद काजल कुमारी घर में अकेली रह रही थी। शुक्रवार की सुबह पड़ोस में रहने वाले उनके भाई ने फोन कर घटना की जानकारी दी।

बताया जाता है कि काजल कुमारी कक्षा 11वीं की छात्रा थी। उसके पिता गुजरात में रेलवे में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्रा के सिर के ऊपरी हिस्से में गोली लगी है, जिससे सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है। परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका से भी इंकार नहीं कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल, नूरसराय सर्किल इंस्पेक्टर मनीष कुमार भारद्वाज और हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।










Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

Material Partner: REAL PLAST


RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.



Modular Kitchen
✓ Cabinets, shutters, drawers



TV Unit & Wall Panels
✓ Modern design, storage



Wardrobes & Closets
✓ Sliding, swing, loft, drawers



Bathroom Vanities
✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# रामनवमी पर रूपन विगहा में शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड कीर्तन




थरथरी (अपना नालंदा)। रामनवमी के पावन अवसर पर थरथरी प्रखंड के रूपन विगहा गांव स्थित देवी स्थान परिसर में शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू किया गया। कीर्तन प्रारंभ होते ही पूरा गांव "हरे राम-हरे कृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

धार्मिक आयोजन में गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से भजन-कीर्तन में भाग ले रहे हैं। कीर्तन मंडली द्वारा भगवान राम और कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति से पूरा परिसर भक्ति के रंग में सराबोर हो गया है।

इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि मिथलेश यादव और पुजारी विकास कुमार ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी गांव में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। इसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। श्रद्धालु फलाहार कर पूरे उत्साह और आस्था के साथ कीर्तन में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से गांव में आध्यात्मिक वातावरण बनता है और लोगों के बीच आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से सहयोग किया है।वहीं पुरोहित सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि अखंड कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे आयोजन लोगों को धर्म, संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य करते हैं।पूरे आयोजन के दौरान गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर कीर्तन का आनंद ले रहे हैं।

# सूर्य मंदिर तालाब में डूबने से आठ वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के छोटी पैठना गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक बच्चे की पहचान छोटी पैठना गांव निवासी संजीत कुमार के पुत्र अमरजीत कुमार उर्फ भोला के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार को अमरजीत अपने कुछ दोस्तों के साथ गांव के सूर्य मंदिर स्थित तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

साथियों ने जब उसे डूबते देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत तालाब की ओर दौड़ेऔर काफी प्रयास के बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद ग्रामीण उसे आनन-फानन में इलाज के लिए एक स्थानीय चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे।

हालांकि चिकित्सक ने बच्चे की जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी है। सूचना मिलने के बाद प्रशासन की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। प्रशासन के पहुंचने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा जाएगा।ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब काफी गहरा है और यहां अक्सर बच्चे नहाने के लिए पहुंच जाते हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं का खतरा बना रहता है।






# परवलपुर में खुला आर बी ट्रेडिंग मॉल, ग्रामीणों को मिली नई सुविधा




रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के परवलपुर वेन मोड़ स्थित बीबी कॉम्प्लेक्स में ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा की शुरुआत हुई। यहां "आर बी ट्रेडिंग मॉल" का भव्य उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा विधिवत रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

उद्घाटन के दौरान मंत्री ने कहा कि गांवों में इस तरह के आधुनिक मॉल खुलने से ग्रामीणों को शहर जैसी सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में मिलने लगी हैं। इससे लोगों को कपड़े और फैशन से जुड़ी जरूरतों के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी तथा स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।


"आर बी ट्रेडिंग मॉल" में ग्राहकों के लिए आधुनिक और आकर्षक डिजाइनों के विभिन्न प्रकार के वस्त्र उपलब्ध कराए गए हैं। यहां महिलाओं के लिए साड़ी, लहंगा, सलवार सूट तथा अन्य फैशनेबल परिधान मौजूद हैं। इसके अलावा पुरुषों के लिए मेंस वियर, जींस और अन्य कपड़ों का अच्छा कलेक्शन रखा गया है। बच्चों के लिए भी किड्स वियर की कई नई डिजाइनें उपलब्ध हैं।

स्थानीय लोगों में मॉल के उद्घाटन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें बेहतर गुणवत्ता के कपड़े अपने ही इलाके में उचित कीमत पर मिल सकेंगे।

मॉल संचालक रंजीत कुमार ने बताया कि ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता के कपड़े, उचित कीमत और बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां और भी नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।इस मॉल के खुलने से परवलपुर बाजार के व्यापारिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार












# बिहारशरीफ में धूमधाम से मनाया गया वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल जयंती महोत्सव



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पचासा मोड़ा तालाब, बिहारशरीफ में शुक्रवार को वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल जयंती महोत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न गांवों से गाजा-बाजा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकाले गए जुलूस रहे। करीब 10 से 15 गांवों से आए युवाओं और कलाकारों ने लाठी एवं तलवार के साथ अपनी पारंपरिक युद्धकला का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

महोत्सव के दौरान जिला एवं प्रदेश के कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए और वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि बाबा चौहरमल वीरता, साहस और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। उनका जीवन समाज को संघर्ष, आत्मसम्मान और एकता का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचार और आदर्श समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। बाबा चौहरमल की विचारधारा आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर अंधविश्वास और पाखंड से दूर रहकर सत्य, न्याय और समानता की राह अपनानी चाहिए।

इस अवसर पर अतिपिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी, डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान समेत लालमोहन पासवान, नवल पासवान, बबलू पासवान, राजा पासवान, संतोष पासवान, रामाशंकर पासवान, विदेशी पासवान, कामधेनू पासवान, जोगी पासवान, उदयन पासवान, टुनटुन पासवान, विक्रांत कुमार, अखिलेश पासवान और डॉ. सुनील पासवान सहित कई लोग उपस्थित रहे।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# क्रांतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की निर्भीक लेखनी से कांपती थी अंग्रेजी हुकूमत

भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम साहस, सत्यनिष्ठा और जनपक्षधरता के प्रतीक के रूप में दर्ज है। वे ऐसे निर्भीक पत्रकार थे, जिनकी तेजस्वी लेखनी से ब्रिटिश सरकार तक भयभीत रहती थी। अपने क्रांतिकारी लेखों और जनपक्षीय पत्रकारिता के कारण उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और आर्थिक दंड की सजा दी गई, किंतु उन्होंने कभी भी अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अपनी आवाज उठाना बंद नहीं किया।

गणेश शंकर विद्यार्थी केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी और महान क्रांतिकारी भी थे। किसानों, मजदूरों और गरीब तबकों की पीड़ा को उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से देश के सामने रखा। उनका साप्ताहिक समाचार पत्र 'प्रताप' उस दौर में ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का मजबूत माध्यम बन गया था। जब भी उनकी कलम चलती, अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलने लगती थी। यही कारण है कि आज भी उनकी पत्रकारिता पत्रकारों के लिए आदर्श और प्रेरणा का स्रोत मानी जाती है।

26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (प्रयागराज) के अतरसुइया मोहल्ले में उनका जन्म हुआ। उनके पिता जयनारायण एक स्कूल के प्रधानाध्यापक थे। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने उर्दू और अंग्रेजी में प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता और सामाजिक चेतना की ओर हो गया। इलाहाबाद में रहते हुए उन्होंने हिंदी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के संपादन में पंडित सुन्दर लाल की सहायता की।

कानपुर में अध्यापन कार्य करते हुए उन्होंने कई पत्र-पत्रिकाओं में लेख लिखे और पत्रकारिता के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन से गहराई से जुड़ गए। सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यों में सक्रियता के कारण उन्होंने अपने नाम के साथ 'विद्यार्थी' उपनाम जोड़ लिया और वे गणेश शंकर से गणेश शंकर विद्यार्थी के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी प्रतिभा और लेखनशैली से प्रभावित होकर हिंदी पत्रकारिता के महान पुरोधा पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी प्रतिष्ठित पत्रिका 'सरस्वती' में उपसंपादक बनने का प्रस्ताव दिया। किंतु विद्यार्थी जी की रुचि साहित्यिक लेखन की अपेक्षा समसामयिक और राजनीतिक विषयों में अधिक थी। इसलिए उन्होंने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के हिंदी साप्ताहिक 'अभ्युदय' से जुड़ गए।

9 नवंबर 1913 को उन्होंने कानपुर से 'प्रताप' नामक पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। 'प्रताप' के माध्यम से उन्होंने किसानों, मजदूरों और शोषित वर्ग के अधिकारों की जोरदार वकालत की। उनके लेखों में सामाजिक अन्याय, आर्थिक शोषण और ब्रिटिश अत्याचारों के खिलाफ तीखा प्रतिरोध दिखाई देता था।

स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिंदू और मुस्लिम समुदाय मिलकर अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे। लेकिन ब्रिटिश सरकार की फूट डालो और राज करो की नीति के कारण कई स्थानों पर साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे। गणेश शंकर विद्यार्थी ने इन दंगों को रोकने और लोगों की जान बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया।

23 मार्च 1931 को जब भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई, उसके दो दिन बाद 25 मार्च 1931 को कानपुर में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान लोगों को बचाने की कोशिश करते हुए गणेश शंकर विद्यार्थी शहीद हो गए। उन्होंने अनेक लोगों की जान बचाई, लेकिन अंततः स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

29 मार्च 1931 को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपने पूरे जीवन में गणेश शंकर विद्यार्थी ने धार्मिक कट्टरता, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। वे मानते थे कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि समाज में न्याय, समानता और मानवता के मूल्यों को स्थापित करना भी है।

आज जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, तब गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन और उनकी निर्भीक पत्रकारिता हमें यह याद दिलाती है कि सच्चा पत्रकार वही है जो सत्ता से सवाल करने का साहस रखे और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बन सके। उनकी विरासत भारतीय पत्रकारिता के लिए आज भी प्रेरणा का अमिट स्रोत है।

# हरनौत बाजार में युवक से डरा-धमकाकर आईफोन छीनने का आरोप, पुलिस से शिकायत

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत बाजार में एक युवक से डरा-धमकाकर आईफोन मोबाइल छीन लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने घटना को लेकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की पहचान करायपरशुराय थाना क्षेत्र के रहने वाले 22 वर्षीय लोरिक कुमार, पिता योगेन्द्र केवट के रूप में हुई है।

लोरिक कुमार ने बताया कि उनकी फुआ नरसंडा बाजार में रहती हैं और वे उनसे मिलने आए हुए थे। इसी दौरान वह हरनौत बाजार घूमने और कुछ सामान खरीदने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि रांची रोड स्थित बख्तियारपुर-रजौली फोर लेन फ्लाईओवर के नीचे नई पेट्रोल पंप के पास एक दुकान पर चाय पीने के लिए रुके थे। वहां पहले से कुछ युवक बैठे हुए थे।

पीड़ित के अनुसार, उसी दौरान एक युवक ने उनसे मोबाइल देने को कहा। मना करने पर आरोपित युवक ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें डराया-धमकाया और जबरन मोबाइल छीन लिया। उन्होंने बताया कि उस युवक ने अपने तीन-चार साथियों को भी बुला लिया था।

# संकेतक बोर्ड खर्च पर उठे सवाल, राजगीर नगर परिषद जांच के घेरे में




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के राजगीर नगर परिषद में संकेतक बोर्ड (साइनिज बोर्ड) लगाने को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। इस मामले में कथित तौर पर लाखों रुपये की अनियमितता के आरोप लगने के बाद नगर परिषद प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया है। वार्ड पार्षदों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करीब 350 संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। आरोप है कि इन बोर्डों की लागत बाजार मूल्य की तुलना में काफी अधिक दर्शाई गई है। सामान्य तौर पर एक संकेतक बोर्ड की कीमत चार से पांच हजार रुपये के बीच मानी जाती है, लेकिन नगर परिषद द्वारा प्रत्येक बोर्ड पर लगभग 32 हजार रुपये खर्च दिखाया गया है। इस हिसाब से करीब 350 बोर्डों के लिए लगभग एक करोड़ 12 लाख रुपये की राशि निकाली गई है।

इस मामले को लेकर वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार और अनिता सिन्हा ने कड़ी आपत्ति जताई है। दोनों पार्षदों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर संकेतक बोर्ड जरूरत के अनुरूप नहीं लगाए गए हैं, जबकि कुछ बोर्डों पर व्यक्ति विशेष के नाम भी अंकित किए गए हैं, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहराता है।पार्षदों ने यह भी कहा कि जहां वास्तव में संकेतक बोर्ड की आवश्यकता थी, वहां पर्याप्त संख्या में बोर्ड नहीं लगाए गए। इसके विपरीत कई ऐसे स्थानों पर बोर्ड लगा दिए गए जहां उनकी जरूरत ही नहीं थी। उनका आरोप है कि इस योजना के जरिए बड़े पैमाने पर धन निकासी की गई है।

मामले को गंभीर बताते हुए पार्षदों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस प्रकार की अनियमितताओं पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो इससे सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग सकता है।

नगर परिषद द्वारा लगाए गए कई संकेतक बोर्डों पर "हमारा संकल्प : स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर राजगीर" जैसे नारे भी लिखे गए हैं। साथ ही नागरिकों को सीसीटीवी निगरानी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी अंकित की गई है। हालांकि अब यही बोर्ड नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने आरोपों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि संकेतक बोर्ड की लागत में थोड़ा बहुत अंतर हो सकता है, लेकिन इतना बड़ा अंतर नहीं है। उनका कहना है कि राजगीर में लगाए गए संकेतक बोर्डों की दर आसपास के अन्य नगर निकायों के अनुरूप ही तय की गई है।

साथ ही आपूर्ति एजेंसी द्वारा केवल राजगीर ही नहीं बल्कि अन्य कई नगर निकायों में भी इसी प्रकार के बोर्ड लगाए गए हैं।

फिलहाल इस मामले ने राजगीर नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई और संभावित जांच पर टिकी हुई है।

# हिलसा में भव्य रामनवमी शोभायात्रा, भगवा रंग में डूबा पूरा शहर

हिलसा (अपना नालंदा)। रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को हिलसा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे शहर में जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। रामभक्तों ने अपने घरों और विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर महावीर पताका स्थापित की।

हिलसा बाजार के बरूण तल स्थित बजरंग बली मंदिर समिति के तत्वावधान में यह भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, शिव, पार्वती, ब्रह्मा, विष्णु और महेश की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड-बाजे की धुन पर महिला और पुरुष श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त कर रहे थे।

शोभायात्रा स्टेशन रोड, बरूण तल, काली स्थान, डाक बंगला, खाकी चौक, चिकसौरा रोड, बिहारी रोड, बाबा अभयनाथ धाम, सिनेमा मोड़ और योगीपुर रोड होते हुए सूर्य मंदिर तालाब पहुंचकर संपन्न हुई।

बजरंग बली मंदिर समिति के अध्यक्ष पवन प्रकाश ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामनवमी का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिससे पूरा शहर राममय हो गया।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिलसा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। इस दौरान मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार, थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार, मौजूद रहे।

# तेल, तनाव और तंगी: क्या महंगाई की नई आंधी में फंस रहा भारत? चंदन चौरसिया

## मिडिल ईस्ट संकट और ईंधन मूल्य वृद्धि ने बढ़ाई आर्थिक चिंता



### आम आदमी की जेब पर सीधा वार, सरकार के सामने नई चुनौती

पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने कहा कि भारत एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां अंतरराष्ट्रीय घटनाएं सीधे घरेलू अर्थव्यवस्था को झकझोर रही हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, वहीं मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव इस संकट को और गहरा करने का संकेत दे रहा है। यह सिर्फ एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक चुनौती का भी केंद्र बन चुका है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए, जहां बड़ी आबादी रोजमर्रा की आय पर निर्भर करती है, ईंधन की कीमतों में वृद्धि का मतलब है—हर जरूरी चीज महंगी होना। ट्रांसपोर्ट से लेकर खाद्य पदार्थों तक, हर सेक्टर पर इसका असर दिखता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत एक नई महंगाई लहर की ओर बढ़ रहा है?

पेट्रोल और डीजल के दामों में हालिया उछाल ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे मध्यम वर्ग और गरीब तबके के लिए यह एक और बड़ा झटका है। ईंधन महंगा होने का सीधा असर ट्रांसपोर्टेशन लागत पर पड़ता है, जिससे सब्जियों, अनाज, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। यही कारण है कि जब भी पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, उसका असर हर घर के बजट पर दिखाई देता है। खासकर बिहार जैसे राज्यों में, जहां बड़ी संख्या में लोग सीमित आय पर जीवन यापन करते हैं, वहां यह संकट और भी गहरा हो जाता है। गांवों में खेती की लागत बढ़ जाती है, क्योंकि ट्रैक्टर, पंपसेट और परिवहन सभी ईंधन पर निर्भर हैं। ऐसे में किसान भी दोहरी मार झेलते हैं—एक तरफ लागत बढ़ती है, दूसरी तरफ उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता।

इस पूरी स्थिति को और गंभीर बनाता है मिडिल ईस्ट का बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आयात करता है। यदि वहां युद्ध या आपूर्ति में बाधा आती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ती हैं। इसका सीधा असर भारत पर पड़ता है, क्योंकि यहां पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें वैश्विक बाजार से जुड़ी होती हैं। हालिया घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका असर हर देश के घरेलू जीवन पर पड़ता है। भारत के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा को कैसे सुनिश्चित करे और बाहरी निर्भरता को कम करे।

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो यह मुद्दा सरकार और विपक्ष दोनों के लिए अहम बन गया है। विपक्ष जहां महंगाई को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है, वहीं सरकार इसे वैश्विक परिस्थितियों का परिणाम बता रही है। यह तर्क अपनी जगह सही हो सकता है, लेकिन आम जनता के लिए यह बहस ज्यादा मायने नहीं रखती। उनके लिए सबसे जरूरी है कि उनकी जेब पर पड़ने वाला बोझ कम हो। यही कारण है कि महंगाई हमेशा एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन जाती है और चुनावों में इसका सीधा असर देखने को मिलता है। आने वाले चुनावों को देखते हुए यह मुद्दा और भी गर्म हो सकता है।

सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह इस स्थिति को कैसे संभाले। एक तरफ उसे राजस्व की जरूरत होती है, जिसके लिए पेट्रोल-डीजल पर टैक्स एक बड़ा स्रोत है। दूसरी तरफ, यदि कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ती हैं, तो जनता में असंतोष बढ़ता है। ऐसे में सरकार को संतुलन बनाना पड़ता है। कुछ समय के लिए टैक्स में कटौती एक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। दीर्घकालिक समाधान के लिए भारत को अपनी ऊर्जा नीति पर पुनर्विचार करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना और घरेलू तेल उत्पादन को बढ़ाना इस दिशा में अहम कदम हो सकते हैं।

सामाजिक दृष्टि से भी यह स्थिति चिंताजनक है। महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब और निम्न मध्यम वर्ग पर पड़ता है। जिनकी आय सीमित होती है, उनके लिए हर बढ़ती कीमत एक नई चुनौती बन जाती है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसी बुनियादी जरूरतों पर इसका सीधा असर पड़ता है। कई बार लोग अपनी जरूरतों में कटौती करने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे उनके जीवन स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देती है।

इस पूरे परिदृश्य में मीडिया और जनमत की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जब महंगाई बढ़ती है, तो यह मुद्दा तेजी से जनता के बीच चर्चा का विषय बनता है। सोशल मीडिया से लेकर न्यूज़ चैनलों तक, हर जगह इस पर बहस होती है। यह सरकार पर दबाव बनाने का एक माध्यम भी बनता है, जिससे वह इस दिशा में ठोस कदम उठाने को मजबूर होती है। लेकिन कई बार यह बहसराजनीतिक रंग ले लेती है और वास्तविक मुद्दा पीछे छूट जाता है।

भारत के लिए यह समय आत्ममंथन का भी है। क्या हम हमेशा बाहरी कारकों पर निर्भर रहेंगे, या फिर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे? ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता बन चुकी है। यदि भारत को भविष्य में ऐसे संकटों से बचना है, तो उसे अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। यह बदलाव केवल सरकार के स्तर पर नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को अपनाना होगा।

अंततः, यह कहा जा सकता है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि और मिडिल ईस्ट का तनाव केवल एक अस्थायी संकट नहीं है, बल्कि यह एक बड़े बदलाव का संकेत है।

# मधुश्री की आवाज़ में डॉ.अंजु भट्ट रचित योगाष्टक मास्क म्यूज़िक की ओर से मुंबई में रिलीज़



पटना (अपना नालन्दा)।आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जगत में एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति के रूप में 'योगाष्टकम', जिसे आनंदप्रज्ञा (अंजु भट्ट) ने लिखा और संगीतबद्ध किया है, इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर जारी किया गया। इस रचना को प्रसिद्ध गायिका मधुश्री ने स्वर दिया है, जिससे यह कृति भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम बनकर उभरी है।

योगाष्टकम' भगवान श्रीकृष्ण, योगिराज योगेश्वर के चरणों में अर्पित एक काव्यात्मक भक्ति प्रस्तुति है, जो योग, ज्ञान और भक्ति की गहन परंपरा को आधुनिक श्रोताओं तक पहुँचाने का प्रयास करती है। इसकी भावपूर्ण रचना और आध्यात्मिक गहराई इसे विशेष बनाती है।

आनंदप्रज्ञा (अंजु भट्ट) एक प्रतिष्ठित विद्वत परंपरा से संबंध रखती हैं। उनका वृहद कुटुंब तैलंग वेलनाडु ब्राह्मणों की कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से जुड़ा है। इस परंपरा में परम पंडित शिवानंद भट्ट जैसे महान विद्वान हुए, जिनके पितामह परम प्रकांड पं. श्रीनिवास भट्ट को सर्वप्रथम "गोस्वामी" की उपाधि प्रदान की गई।

इस गौरवशाली वंश परंपरा में राजकवि श्रीकृष्ण भट्ट, मृदंगाचार्य पंडित श्रीनाथ भट्ट और ज्योतिषाचार्य पंडित श्रीगोकुलनाथ भट्ट 'दीक्षित' जैसे अनेक विद्वान और कालजयी रचनाकार शामिल रहे हैं। इसी परंपरा का संबंध १५वीं शताब्दी के महान वैष्णव आचार्य वल्लभाचार्य से भी जुड़ता है, जिन्होंने शुद्धाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया और 'मधुराष्टकम' जैसी अमर रचना दी।

'योगाष्टकम' न केवल भक्ति संगीत प्रेमियों बल्कि वैश्विक श्रोताओं के बीच भी गहरी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। डा.अंजु भट्ट "आनंदप्रज्ञा " विगत कई दशकों से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक सामाजिक तथा साहित्यिक विषयों पर रचनाएँ लिखती आ रहीं हैं।

आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जगत में एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति के रूप में 'योगाष्टकम', जिसे आनंदप्रज्ञा (अंजु भट्ट) ने लिखा और संगीतबद्ध किया है, इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर जारी किया गया। इस रचना को प्रसिद्ध गायिका मधुश्री ने स्वर दिया है, जिससे यह कृति भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम बनकर उभरी है।

'योगाष्टकम' भगवान श्रीकृष्ण, योगिराज योगेश्वर के चरणों में अर्पित एक काव्यात्मक भक्ति प्रस्तुति है, जो योग, ज्ञान और भक्ति की गहन परंपरा को आधुनिक श्रोताओं तक पहुँचाने का प्रयास करती है। इसकी भावपूर्ण रचना और आध्यात्मिक गहराई इसे विशेष बनाती है।

आनंदप्रज्ञा (अंजु भट्ट) एक प्रतिष्ठित विद्वत परंपरा से संबंध रखती हैं। उनका वृहद कुटुंब तैलंग वेलनाडु ब्राह्मणों की कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से जुड़ा है। इस परंपरा में परम पंडित शिवानंद भट्ट जैसे महान विद्वान हुए, जिनके पितामह परम प्रकांड पं. श्रीनिवास भट्ट को सर्वप्रथम "गोस्वामी" की उपाधि प्रदान की गई।

इस गौरवशाली वंश परंपरा में राजकवि श्रीकृष्ण भट्ट, मृदंगाचार्य पंडित श्रीनाथ भट्ट और ज्योतिषाचार्य पंडित श्रीगोकुलनाथ भट्ट 'दीक्षित' जैसे अनेक विद्वान और कालजयी रचनाकार शामिल रहे हैं। इसी परंपरा का संबंध १५वीं शताब्दी के महान वैष्णव आचार्य वल्लभाचार्य से भी जुड़ता है, जिन्होंने शुद्धाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया और 'मधुराष्टकम' जैसी अमर रचना दी।

'योगाष्टकम' न केवल भक्ति संगीत प्रेमियों बल्कि वैश्विक श्रोताओं के बीच भी गहरी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। डा.अंजु भट्ट "आनंदप्रज्ञा " विगत कई दशकों से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक सामाजिक तथा साहित्यिक विषयों पर रचनाएँ लिखती आ रहीं हैं।

# नालंदा में एलपीजी सिलिंडर की कमी नहीं, अफवाहों से बचने की अपील

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में गैस सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और नियमित रूप से आपूर्ति जारी है। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले में तीनों तेल विपणन कंपनियों के अंतर्गत संचालित कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन लगभग 16,178 गैस सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जो दैनिक खपत के अनुरूप है। उपभोक्ता विभिन्न माध्यमों से रिफिलिंग की बुकिंग कर संबंधित गैस एजेंसियों से आसानी से सिलिंडर प्राप्त कर रहे हैं।उन्होंने आमजनों से अपील की कि एलपीजी गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक जानकारी से बचें।

# अर्जुन टोला में महिला मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीण महिलाओं को दी जानकारी



हिलसा (अपना नालंदा)। एस.यू. कॉलेज, हिलसा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव अर्जुन टोला, मई (हिलसा) में संचालित एक सप्ताह के सामुदायिक आउटरीच अभियान के पांचवें दिन शुक्रवार को "महिला मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, महिला स्वास्थ्य तथा "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" और "बेटी बचाओ" जैसे सामाजिक संदेशों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टरों के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का आधार उनका स्वास्थ्य है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे लेकर झिझक या भ्रांति नहीं होनी चाहिए। स्वच्छता, सही जानकारी और संतुलित पोषण अपनाकर महिलाएं स्वस्थ और सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने किशोरियों को आयरन युक्त आहार, स्वच्छ साधनों के उपयोग और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है। ऐसे कार्यक्रम "बेटी बचाओ" जैसे अभियानों को भी मजबूती देते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

इस अवसर पर स्वयंसेविकाएं खुशी पटेल, पल्लवी राज, श्वेता, अनुराधा और मानसी ने पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता और पौष्टिक आहार का संदेश दिया। वहीं एनएसएस स्वयंसेवक आयुष राज, अभिराज, प्रिंस, प्रिंस 2, आशुतोष, शिवरंजन, अमन, नीतीश, सौशल और सौरव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और किशोरियां कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी उपयोगी जानकारियां दी गईं।

# लंघौरा-धर्मपुर में 301 श्रद्धालुओं की कलश यात्रा, 72 घंटे का अखंड कीर्तन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के लंघौरा-धर्मपुर गांव में 72 घंटे के अखंड कीर्तन को लेकर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। इस धार्मिक यात्रा में 301 कलश के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ यात्रा की शुरुआत हुई, जिसके बाद महिलाएं और श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव से आगे बढ़े। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुसज्जित गाड़ियां भी शोभायात्रा में शामिल थीं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

पंचायत के पोआरी मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार उर्फ बरे पासवान ने बताया कि कलश यात्रा के लिए अथमगोला स्थित गंगा घाट से जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर करजान, सरिसतापुर, भुआपुर, शमानी, एनएच-31ए, +2 हाई स्कूल गोनावा-पोआरी होते हुए यज्ञस्थल तक पहुंचे और अंत में गांव के शिवाला स्थित भोला स्थान मंदिर प्रांगण में पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शरबत की व्यवस्था भी की गई थी।

इसके बाद विधिवत 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ। हरे राम-हरे कृष्ण भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया है। मुरारी पंडित ने बताया कि अखंड कीर्तन शुक्रवार से शुरू होकर रविवार तक चलेगा। इसके बाद पूर्णाहुति और भव्य भंडारे के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया जाएगा।

इस आयोजन को सफल बनाने में सुरेन जमादार, रामनाथ, चंदन, विनोद, गोपाल, भोनू, जयराम, सुधा, राधा, अरुण और कृष्ण सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# पोआरी गांव में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान, अग्निशमन विभाग ने कराया मॉक ड्रिल



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। अग्नि सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रखंड के पोआरी गांव में अग्निशमन विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों, किसानों और आम लोगों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले जरूरी उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग से बचाव, प्राथमिक सुरक्षा उपाय, तथा आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या नहीं करें जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्कता और सही जानकारी बेहद जरूरी है। लोगों से अपील की गई कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें।

अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि इन दिनों खेतों से मसूर, चना (बूट) और गेहूं की कटाई के बाद खलिहानों में थ्रेशर के माध्यम से मड़ाई का कार्य तेज गति से चल रहा है। ऐसे समय में मशीन से निकलने वाली चिंगारी से खलिहानों में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए किसानों को सलाह दी गई कि मड़ाई के दौरान पास में बाल्टी में पानी भरकर अवश्य रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत आग पर काबू पाया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच अग्नि सुरक्षा से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर अग्निकर्मी विकास कुमार, काजल कुमारी तथा अग्निक चालक इंद्रदेव कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# जहानाबाद में भव्य रामनवमी जुलूस, विधायक ऋतुराज कुमार सहित कई नेता हुए शामिल



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को जहानाबाद शहर में भव्य जुलूस निकाला गया। पूरे शहर में भगवा झंडों और जय श्रीराम के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। बाजार, मुख्य सड़कें और गलियां भगवा रंग से सजी नजर आईं। श्रद्धालुओं के हाथों में भगवा ध्वज और भगवा वस्त्रों में सजे लोग उत्साहपूर्वक जुलूस में शामिल हुए।

जुलूस का शुभारंभ राजा बाजार स्थित काली मंदिर से हुआ। इस दौरान घोसी से जनता दल (यू) के विधायक ऋतुराज कुमार, उनके साथ चर्चित युवा नेता मनीष कश्यप तथा अन्य राजनीतिक दलों के कई नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने सभी नेताओं का टीका और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

जुलूस आगे बढ़ते हुए अरवल मोड़ पहुंचा, जहां पूर्व सांसद अरुण कुमार भी मौजूद थे। यहां विधायक ऋतुराज कुमार द्वारा लाठी भांजने का प्रदर्शन लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा और सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब चर्चा रही। इसके बाद जुलूस उटा मोड़, मुख्य बाजार और मलहचक मोड़ होते हुए आगे बढ़ा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते गए।इस दौरान कई सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए नींबू पानी और शरबत की व्यवस्था की गई। महिला नेत्रियों और कार्यकर्ताओं की भी अच्छी भागीदारी देखने को मिली।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पहले फ्लैग मार्च निकाला गया था तथा शहर के कई स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ड्रोन, सीसीटीवी और कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे जुलूस की निगरानी की गई।अंततः जय श्रीराम के नारों के साथ जुलूस ठाकुरबाड़ी पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

# करंट की चपेट में आकर खेत में महिला की दर्दनाक मौत

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के मकुंदन बिगहा गांव में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतका की पहचान मकुंदन बिगहा गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद की 53 वर्षीय पत्नी गीता देवी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, गीता देवी शुक्रवार की सुबह रोज की तरह खेत की ओर शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान गांव के पूरब दिशा में स्थित एक सीमेंट पोल में लगे स्टेक में प्रवाहित बिजली के करंट की चपेट में आ गईं। करंट इतना तेज था कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

काफी देर तक जब गीता देवी घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश में खेत कीओर गए, जहां उनका शव जमीन पर पड़ा मिला। यह दृश्य देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही चंडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# तेज आंधी में लोहे का पाइप गिरा, महिला की दर्दनाक मौत

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम अचानक आई तेज आंधी ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। गोरायपुर पंचायत के चिस्तीपुर गांव में लोहे का पाइप गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतका की पहचान चिस्तीपुर गांव निवासी रुकेश राम की 30 वर्षीय पत्नी रूपा देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम करीब चार बजे वह गांव के खलिहान में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज आंधी चलने लगी। आंधी से बचने के लिए वह अपने घर की ओर जा रही थीं।

इसी दौरान रास्ते में किसी दूसरे के घर का लोहे का पाइप तेज हवा के कारण उड़कर उनके ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तुरंत उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। गोरायपुर पंचायत के मुखिया पति सुमन शरण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तेज आंधी के कारण यह दुखद हादसा हुआ है।वहीं, चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। अंचलाधिकारी ने कहा कि यह घटना दैवीय आपदा की श्रेणी में आती है, इसलिए पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। मृतका के पति हैदराबाद में मजदूरी करते हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# चंडी नगर पंचायत सशक्त स्थायी समिति की बैठक आज, बजट पर चर्चा

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर दो बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रारूप और प्राक्कलन पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार बैठक में प्रस्तावित बजट के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समिति द्वारा बजट प्रस्ताव को अनुमोदित किए जाने के बाद इसे अंतिम स्वीकृति के लिए नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद ही आगामी वित्तीय वर्ष के विकास कार्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा।बैठक में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनोज कुमार, उप मुख्य पार्षद प्रवीण कुमार सुमन तथा कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी सहित कई पार्षद और अधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा पार्षद ललन केवट, निभा देवी और श्रद्धा देवी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी।बताया गया कि बैठक में नगर क्षेत्र के विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न योजनाओं के लिए बजट आवंटन पर चर्चा की जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से बैठक को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह बैठक नगर पंचायत के विकास की दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। इसमें लिए गए निर्णयों के आधार पर आने वाले वर्ष में सड़क, सफाई, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी।नगर पंचायत प्रशासन को उम्मीद है कि बैठक में बजट से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बन जाएगी।

# 28 मार्च को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का होगा अभिनंदन समारोह

पटना(अपना नालंदा)।सहाय सदन पटना में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई , जिसमें आगामी 28 मार्च 2026 को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा । इस अभिनंदन समारोह में पूरे बिहार प्रदेश के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं विभिन्न संगठनों के हजारों चित्रांश बंधुओ की सहभागिता रहेगी । राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का अभिनंदन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा किया जाएगा । साथ ही साथ पूरे बिहार के जिले से आए समितियो के द्वारा भी किया जाएगा । पटना के समस्त चित्रगुप्त पूजा समिति के द्वारा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सम्मानित किया जाएगा । अभिनंदन समारोह में बहुत सारे गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे ।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी अपने देश के साथ-साथ बिहार एवं खासकर पाटलिपुत्र वासियों के साथ चित्रांश समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण रहेगा , उन्होंने अपने समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है । राष्ट्रीय



अध्यक्ष जी का स्नेह हमेशा पूजा समितीयो के साथ सभी समाजों के साथ बना रहा है । यही वजह है कि पूरे बिहारवासी अपने आप को बहुत ही गौरवांवित महसूस कर रहे हैं । इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ निर्मल कुमार श्रीवास्तव , सुजीत वर्मा , श्रवण कुमार ने बताया कि , इस अभिनंदन समारोह को यादगार बनाया जाएगा , जिसमें पूरे बिहार के लोगों का सहयोग रहेगा । प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा , अमिताभ वर्मा , राजेश कुमार सिन्हा , अरुण कर्ण , युगल किशोर वर्मा ,अपलेंद्र सिन्हा अप्पू , अश्विनी कुमार पंकज , अनुराग समरूप , उत्कर्ष राज समीर और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया । सभी ने 28 मार्च के अभिनंदन समारोह को सफल बनाने हेतु अपनी पूरी ताकत को झोंक देंगे , इसका संकल्प लिया ।

# पटना में भव्य रामनवमी शोभायात्रा, नितिन नवीन और नीतीश कुमार हुए शामिल

पटना (अपना नालंदा)। श्री रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को पटना के डाकबंगला चौराहा पर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और एनडीए के नेता भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कंकड़बाग और कदमकुआं सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रभु श्रीराम की झांकियों की विधिवत आरती उतारकर उनका स्वागत किया। मंच से जय श्रीराम के उद्घोष के बीच कलाकारों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और



भगवान हनुमान के स्वरूपों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए।इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और वातावरण पूरी तरह राममय हो गया।इस मौके पर नितिन नवीन ने कहा कि प्रभु श्रीराम केवल आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व समाज में एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, तीन गांवों के तेरह लोगों पर प्राथमिकी

आर संतोष भारती


कतरीसराय (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा अवैध बिजली उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के तीन गांवों में छापेमारी कर 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इन सभी पर कुल 3 लाख 1 हजार 800 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग की टीम ने बहादुरगंज, बरीठ और भैदी गांव में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कई लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी।कार्रवाई के तहत बहादुरगंज गांव निवासी फिरोज आलम को आरोपित बनाया गया है। वहीं बरीठ गांव के आठ लोगों—दिलीप प्रसाद, परविला देवी, रिता देवी, हीरा कुमार, लिला देवी, रुक्मणी देवी, रेणुका और रामाशीष—पर भी बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भैदी गांव के सागर पासवान, रामलाल प्रसाद, विजय चौधरी और यदु मांझी को भी इस मामले में नामजद किया गया है।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने*
*ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251